चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch.Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए0आर0/22/ 7738
दिनांक : 27.03.2023

विज्ञप्ति

एन0ई0पी0–2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0काम0 पाठ्यक्रमों के सत्र 2021–22 प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर छात्रों द्वारा गलत माइनर इलैक्टिव एवं स्किल डेवलमेंट विषयों का चयन किया गया था तथा महाविद्यालयों द्वारा भी परीक्षाफार्म सत्यापित करते समय उक्त त्रुटि को अनदेखा करते हुए परीक्षाफार्म विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को प्रेषित किये गये थे। इस कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त परिस्थिति में भविष्य में इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसलिए महाविद्यालयों से अनुरोध है कि –

01. सत्र 2021–22 के बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0काम0 पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र जिन्होंने गलत माइनर इलैक्टिव एवं स्किल डेवलमेंट विषयों का चयन किया है, के विषय में कालेज लेटरहैड पर आत्म व्याख्यात्मक पत्र परीक्षा नियंत्रक के नाम पर लिखते हुए विश्वविद्यालय को प्रेषित करें ताकि व्याप्त त्रुटियों को दूर कर सही परीक्षा परिणाम निर्गत किया जा सके।

विभिन्न महाविद्यालय छात्रों के हस्तलिखित आवेदन पत्र को यथावत फारवर्ड कर छात्रों को विश्वविद्यालय भेज रहे है, यह व्यवस्था ठीक नहीं है। ऐसे आवेदनों के आधार पर विषयों में परिवर्तन सम्भव नहीं है।

02. महाविद्यालयों से अनुरोध है कि सत्र 2022–23 में प्रविष्ट छात्रों के एन0ई0पी0 प्रथम सेमेस्टर तथा सत्र 2021–22 में प्रविष्ट छात्रों के तृतीय सेमेस्टर एवं प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर) परीक्षाफार्म सत्यापित करने से पूर्व सुनिश्चित करें कि छात्र ने सही माइनर इलैक्टिव एवं स्किल डेवलमेंट विषयों का चयन किया है। अवगत कराना है कि पोर्टल पर परीक्षाफार्म सत्यापन से पूर्व महाविद्यालयों के पास छात्रों के माइनर इलैक्टिव एवं स्किल डेवलमेंट विषयों के परिवर्तन की शक्ति उपलब्ध हैं।

27/03/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
02. समस्त महाविद्यालय, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को सूचनार्थ।
03. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)।
04. प्रभारी, रिजल्ट सैल/कम्प्यूटर सैल।
05. प्रभारी, सीक्रेसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट।
07. प्रभारी, प्रेस प्रवक्ता।
08. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned with CamScanner